**मांग** शहपुरा जनपद पंचायत के सदस्यों ने लगाया दबाव और धमकी देने का आरोप, जांच व कार्यवाही की मांग

# अविश्वास प्रस्ताव से पहले बढ़ी सियासी हलचल




**शहपुरा नवभारत 1 अक्टूबर।** जनपद पंचायत शहपुरा की अध्यक्ष प्रियंका आर्मो के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर 8 अक्टूबर 2025 को होने वाले मतदान से पूर्व सरगर्मी तेज हो गई है। इसी बीच सरपंच संघ शहपुरा के सचिव मनोज मार्को (सरपंच, ग्राम पंचायत देवगांव माल) द्वारा जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक विवादों में घिर गई है।

सूत्रों के अनुसार, सरपंच संघ के सचिव ने सरपंच संघ जनपद पंचायत शहपुरा नामक व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना प्रसारित कर 29 सितम्बर को प्रात: 11 बजे जनपद पंचायत सभाकक्ष में बैठक रखने की बात कही। बैठक का उद्देश्य अन्य मुद्दों के साथ-साथ अध्यक्ष के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करना भी बताया गया।

### सदस्यों पर दबाव डालने की चर्चा

विश्वसनीय सूत्रों का दावा है कि बैठक में सरपंचों से कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के जनपद सदस्यों पर दबाव डालें, उन्हें मतदान से रोकें और आवश्यकता पड़ने पर मारपीट तक करें। इसका उद्देश्य यह बताया गया कि 08 अक्टूबर को होने वाले अविश्वास प्रस्ताव में जनपद सदस्य मतदान न कर पाएं। इस मामले को लेकर जनपद पंचायत शहपुरा के कई निर्वाचित सदस्यों ने गंभीर आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा और भय का वातावरण बनाने का प्रयास बताया है।

**थाना प्रभारी व एसडीएम को सौंपा आवेदन**

जनपद सदस्यों ने संयुक्त रूप से शिकायत आवेदन पत्र थाना प्रभारी शहपुरा एवं एसडीएम शहपुरा को सौंपा है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि जिला कलेक्टर डिण्डौरी और पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी को भी प्रेषित की गई है। शिकायत में 29 सितम्बर की बैठक की सीसीटीवी फुटेज संरक्षित कर जांच करने तथा दोषियों पर वैधानिक कार्यवाही की मांग की गई है।

### फुटेज से खुल सकती है पोल

जनपद सदस्यों ने यह भी प्रश्न उठाया है कि जब अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया और आचार संहिता प्रभावी है, तो जनपद पंचायत के शासकीय सभाकक्ष में इस प्रकार की बैठक आयोजित करने की अनुमति किसने दी? जनपद पंचायत सभागार में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। शिकायतकर्ताओं ने कहा है कि फुटेज की जांच की जाए तो पूरी सच्चाई उजागर हो जाएगी।

## पुलिस ने जारी की यातायात एडवाइजरी

**डिंडौरी, नवभारत 1 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंड, तहसील और जिला मुख्यालय पर दशहरा पर्व को ध्यान में रखते हुए यातायात प्रभारी सुभाष उइके ने बताया कि दशहरा पर्व पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए डिंडौरी पुलिस ने 2 अक्टूबर को लागू होने वाली विस्तृत यातायात एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने बताया कि इस दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए विशेष यातायात व्यवस्था लागू की जाएगी। 2 अक्टूबर शाम 6 बजे से कलेक्ट्रेट तिराहा से अंवती बाई चौक तक भारी वाहन, बस, टाटा मैजिक एवं ट्रक आदि का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। केवल छोटे यात्री वाहन और पैदल श्रद्धालु ही इस मार्ग से गुजर सकेंगे। कलेक्ट्रेट परिसर खेल मैदान-पुरानी डिंडौरी दिशा से आने वाले श्रद्धालु अपने वाहन जबलपुर बस स्टेंड (अंवती बाई चौक)-जबलपुर रोड एवं मुंडकी रोड से आने वाले श्रद्धालु वाहन पार्क कर पैदल प्रवेश करेंगे।



# जवारा कलशों का काली नृत्य के साथ विसर्जन

**कलेक्टर ने की पूजा-अर्चना, जुलूस देखने उमड़ा जन सैलाब**

**नवभारत उमरिया 1 अक्टूबर।** शारदेय नवरात्र की नवमी 30 सितंबर को मनाई गई। इस दौरान बैठकी से स्थापित किए गए मनोकामना जवारा कलशों का विसर्जन 4 बजे से जुलूस निकालकर किया गया।

परंपरा के अनुसार जवारा विसर्जन के पूर्व मंदिर प्रबंधन व संचालन समिति के संरक्षक कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह द्वारा मां काली की पूजा कर जवारा चल समारोह का शुभारंभ किया गया। जब यह जवारा जुलूस सड़क पर निकला तो ऐसा लगा कि सड़क पर हरी चादर बिछ गई हो। जवारा जुलूस विभिन्न मार्गों से होता हुआ विसर्जन स्थल तक पहुंचा। जहां विधि विधान के साथ जवारा कलशों का विसर्जन किया गया।

**पुलिस बल की रही तैनाती-** इस ऐतिहासिक जवारा विसर्जन को उमरिया सहित अन्य जिलों से भी लोग बड़ी संख्या में देखने पहुंचते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से चल समारोह के दौरान पुलिस बल तैनात किया गया था। आगे आगे खप्पर के साथ महिलाएं काली नृत्य करते हुए चल रही थी, उनके पीछे जवारा जुलूस चल रहा था। इस अवसर पर विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह, नगर पालिका परिषद पाली अध्यक्ष शंकुतला प्रधान, मानपुर एसडीएम टी आर नाग, पडित प्रकाश पालीवाल, मंदिर के पुजारी आदि उपस्थित रहे।

**एक नजर में**

## आतिशबाजी के साथ आज होगा रावण दहन

**शहपुरा नवभारत 1 अक्टूबर।** शहपुरा नगर का ऐतिहासिक और भव्य दशहरा महोत्सव गुरुवार को नगर के वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर रावण दहन का भव्य आयोजन किया जाएगा। परंपरा के अनुसार प्रभु श्रीराम स्वयं रावण का वध करेंगे और आसमान रंगीन आतिशबाजी की गूंज से झिलमिला उठेगा। इस बार सनातन दशहरा महोत्सव समिति द्वारा नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण तैयार किए गए हैं। राम दरबार का सुंदर मंचन होगा, जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के चरित्रों का जीवंत चित्रण देखने को मिलेगा। राम-रावण युद्ध का नाटकीय मंचन होगा और उसके बाद रावण दहन की परंपरा निभाई जाएगी। रावण दहन के पश्चात रात का आकाश रंगीन पटाखों और आतिशबाजी से सजेगा। हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु इस अद्भुत नजारे का आनंद उठाएंगे।



**मंदिरों और पंडालों में भी विशेष पूजा-अर्चना होगी-** राम दरबार की स्थापना और पूजन के बाद विधिवत रावण दहन की प्रक्रिया आरंभ होगी। मंदिरों और पंडालों में भी विशेष पूजा-अर्चना होगी। महोत्सव के अंतर्गत संगीतमय संध्या का भी आयोजन होगा, जिसमें भक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से नगरवासी झूम उठेंगे। स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहरी कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और आकर्षक बनाएंगे।

**चल समारोह भी निकलेगा-** रावण दहन उपरांत दशहरा चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा शहपुरा के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकलेगी। शोभायात्रा में झांकियाँ, ध्वज, अखाड़े के प्रदर्शन और बैंड-बाजे के साथ नगर के धार्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप को प्रदर्शित किया जाएगा। दशहरा महोत्सव को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती होगी। महिला सुरक्षा के लिए विशेष टीम भी कार्यरत रहेगी। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने हेतु नगर के मार्गों पर विशेष प्लान तैयार किया गया है।




## मैराथन के विजयी प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**डिंडौरी, नवभारत 1 अक्टूबर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित मैं हूं अभिमन्यु-3 अभियान के तहत बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से पुरानी डिंडोरी बायपास तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। डीएसपी पुरुषोत्तम मरावी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। इस मैराथन में पुलिस अमले के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया। गौरतलब है कि मैं हूं अभिमन्यु-3 अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के प्रति घटित अपराधों की रोकथाम एवं उनके प्रति समाज को जागरूक करना है।

**व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए : सिंह-** पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा ने सभी थाना एवं चौकियों को निर्देशित किया है कि इस अभियान के अंतर्गत स्कूल, कॉलेज एवं दुर्गा पंडालों सहित आम जनसमुदाय में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। कार्यक्रम के दौरान कोतवाली प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे, यातायात प्रभारी सुभाष उइके सहित पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## फसल अवशेष प्रबंधन पर कृषक संगोष्ठी आयोजित

**शहपुरा नवभारत 1 अक्टूबर।** विकासखण्ड शहपुरा अंतर्गत ग्राम रायपुरा में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के कृषकों के साथ जनप्रतिनिधियों ने भी सक्रिय रूप से भागीदारी की। संगोष्ठी में कृषि विभाग के सहायक कृषि यंत्री तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी और बताया कि इससे मिट्टी की उर्वरकता घटती है तथा पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है। इसके स्थान पर अवशेष प्रबंधन की उन्नत तकनीकों को अपनाने के लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**किसान करें आधुनिक यंत्रों का उपयोग-** किसानों को आधुनिक यंत्रों के उपयोग तथा विभागीय योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली सहायता एवं लाभ के बारे में बताया गया। जनप्रतिनिधियों ने किसानों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक लाभ के लिए फसल अवशेष जलाने की परंपरा समाप्त कर वैज्ञानिक तरीकों को अपनाएं। संगोष्ठी के अंत में किसानों ने विभाग द्वारा दी गई जानकारियों पर उत्साहपूर्वक चर्चा की और फसल अवशेष प्रबंधन तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया।

# वृद्ध माता-पिता हमारी ऊर्जा व प्रेरणा के स्रोत : द्विवेदी

**अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित**

**डिंडोरी, नवभारत 1 अक्टूबर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर मां नर्मदा वृद्धाश्रम, नर्मदा पुल, साकेत नगर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृद्धजनों का सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम.एल. राठौड़, प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, जिला कुटुम्ब न्यायालय डिंडोरी, डॉ. मनोज पांडे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सतीश द्विवेदी एसडीओपी डिंडोरी रहे। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. ममता दीवान एवं डॉ. जयश्री मरावी जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. मनोज उरेती जिला क्षय अधिकारी, दिलीप कछवाहा डीपीएम स्वास्थ्य विभाग, योगेंद्र उइके हॉस्पिटल मैनेजर, अभिलाष फार्मेसी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




**वृद्ध किसी भी समस्या के लिए पुलिस की शरण ले सकते हैं-** कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओपी सतीश द्विवेदी ने की। उनके द्वारा सभी वृद्धजनों का माल्यार्पण एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया।अपने संबोधन में प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट एम.एल. राठौड़ ने कहा कि वृद्ध माता-पिता हमारी ऊर्जा और प्रेरणा के स्रोत हैं, हमें सदैव उनका आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ना चाहिए। वहीं एसडीओपी सतीश द्विवेदी ने भरोसा दिलाया कि वृद्धजन किसी भी समस्या के लिए नि:संकोच पुलिस की शरण ले सकते हैं, प्रशासन उनके साथ खड़ा है।

**जिला चिकित्सालय करेगा वृद्धों की मदद-** स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी किसी भी स्वास्थ्य समस्या पर जिला चिकित्सालय पूरी तरह से वृद्धों की मदद करेगा। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उनके देखभाल की जिम्मेदारी का संकल्प लिया गया। आभार प्रदर्शन नोखेलाल यादव, आरपी कुशवाहा तथा देवेंद्र बर्मन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 20 वृद्धजन उपस्थित रहे। संचालन एमवाई भारत द्वारा किया गया।

## सोयाबीन कृषकों के लिए भावंतर भुगतान योजना लागू

**डिंडौरी।** किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य देना मध्य प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इस उद्देश्य से सोयाबीन उत्पादक कृषकों के लिए भावांतर योजना वर्ष 25-26 हेतु लागू की गई है। भारत सरकार द्वारा सोयाबीन का घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तथा राज्य के मंडी के मॉडल भाव/ विक्रय मूल्य के अंतर की राशि कृषकों को दिलाना प्रावधानित किया गया है। योजना अंतर्गत सोयाबीन कृषक ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराने के पश्चात ही अपनी उपज को मंडियों में बेचेंगे। पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर किया जाएगा। सोसायटी स्तर पर स्थापित पंजीयन केंद्र, समस्त धान पंजीयन केंद्र, ग्राहक सेवा केन्द्र/एमपी आनलाइन कियोस्क, एमपी किसान एप में किसान पंजीयन करा सकते हैं। मंडियों में सोयाबीन खरीदी 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक की जाएगी। लाभ विक्रय मूल्य एमएसपी से कम, लेकिन मंडी के मॉडल भाव से अधिक होने पर एमएसपी के अंतर की राशि किसान को प्रदाय की जाएगी।

# कन्या पूजन व भंडारे का हुआ आयोजन

**चिल्हारी नवभारत 1 अक्टूबर।** जिले की मानपुर तहसील के सबसे बड़े ग्राम चिल्हारी के रामलीला स्टेज दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में नवरात्रि दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है। नवरात्रि के नौवें दिन बुधवार को पंडालों में कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया।

रामलीला स्टेज दुर्गा उत्सव समिति द्वारा सनातन धर्म परंपरा का पालन किया जाता है और पूरे विधि विधान से माता रानी की पूजा को विसर्जन तक पूर्ण किया जाता है, जिसमें कन्याओं एवं मातृशक्तियों का विशेष सहयोग और सेवा रहती है।

वैसे तो रामलीला स्टेज पूरे ग्राम चिल्हारी का ज़कीरा माना जाता है और प्रत्येक नवरात्रि में यहां जवारे विसर्जन यात्रा के दौरान एकत्रीकरण होता है और पूरे गांव से लगभग 5000 भक्तजन एकत्रित होते हैं। चिल्हारी के बाजार, मोहल्ले एवं सोनी समाज मोहल्ले में भी कन्या भोजन एवं भन्डारे का विशेष



आयोजन किया गया। कमेटी के ही व्यवस्थापक विकास श्रीवास्तव ने बताया कि रामलीला स्टेज के कार्यक्रमों में मातृशक्तियों और कन्याओं का विशेष परिश्रम और सहयोग रहता है। बड़े और धार्मिक आयोजन रामलीला स्टेज दुर्गा उत्सव समिति द्वारा करवाए जाते है साथ ही इस वर्ष कमेटी के सबसे प्रमुख कार्यकर्ताओं में से एक स्व. मनोज श्रीवास्तव एवं धनेंद्र कट्टा गुप्ता को पूरी कमेटी की ओर से याद किया गया, जिनकी सेवा मातारानी के लिए बहुत महत्वपूर्ण थी।

# असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देता है दशहरा पर्व : पांडे

**नवभारत उमरिया 1 अक्टूबर।** जिले के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे पत्रकार वार्ता में बताया कि भारत उत्सवों की भूमि है। यहां प्रत्येक पर्व न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा होता है बल्कि जीवन मूल्यों और सामाजिक संदेश का वाहक भी होता है।



पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि इन्हीं पावन पर्वों में से एक है विजयदशमी, जिसे दशहरा भी कहा जाता है। यह पर्व आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। विजयदशमी का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत गहरा है।

**देश में अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है पर्व -** रामायण के अनुसार, जब रावण ने माता सीता का हरण किया, तब श्रीराम ने धर्म और सत्य की रक्षा के लिए असत्य और अधर्म के प्रतीक रावण का वध किया। यह घटना इस तथ्य को सिद्ध करती है कि चाहे असत्य कितना भी बलवान क्यों न हो, अंतत: सत्य और धर्म की विजय निश्चित है। भारत के कोने-कोने में इस दिन अलग-अलग तरीके से उत्सव मनाया जाता है। कहीं पर रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन कर असत्य पर सत्य की जीत का संदेश दिया जाता है, तो कहीं पर शक्ति की आराधना के रूप में इसे मां दुर्गा की महिषासुर पर विजय के दिन के रूप में भी मनाया जाता है।

## दस हजार के ईनामी बदमाश को पुलिस ने दबोचा

**कटनी।** जिले के हाइवे में चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देकर दहशत का पर्याय बने बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर दस हजार रूपए का इनाम घोषित था। आरोपी जबलपुर, मैहर और कटनी के हाइवे में राहगीरों से लूट करता था। काफी दिनों से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी, अब जाकर पुलिस को आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस ने बताया कि कुठला थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव के मदार टेकरी निवासी कुख्यात लुटेरा करन उर्फ टीच पारधी पर दस हजार का इनाम घोषित था। आरोपी लगातार फरार चल रहा था, पूछताछ में पता चला है कि आरोपी ने कर्नाटक में फरारी काटी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी जिले के हाइवे में लूट करता था, राहगीरों को चाकू और अन्य हथियारों की नोक पर लूटता था।

# सैलानियों के लिए खुला बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व

**हरी झंडी दिखाते ही दौड़ी जिप्सियां, सफारी वाहनों में बैठे पर्यटकों के चेहरे खिल उठे**

**चिल्हारी नवभारत 1 अक्टूबर।** तीन महीने बंद रहने बाद 1 अक्टूबर बुधवार की सुबह बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का जंगल पर्यटकों के लिए खुल गया। मानसून की बारिश के बाद हरे-भरे पेड़ों से घिरा यह जंगल अपने असली रूप में जब सामने आया तो सफारी वाहनों में बैठे सैलानियों के चेहरे खिल उठे।

रिजर्व क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय, सहायक संचालक दिलीप मराठा और पर्यटन प्रभारी राहुल किरार ने मिलकर कोर गेट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पर्यटकों का मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत भी किया गया। हर साल की तरह इस बार भी एक जुलाई से रिजर्व को मानसून में बंद कर दिया गया था। इस दौरान जंगल और वन्यजीवों को आराम मिलता है।



अब पर्यटक अक्टूबर से जून तक पर्यटक सफारी का आनंद ले सकेंगे। पहले ही दिन देशी-विदेशी पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ रही।

**महीनों से कर रहे थे पर्यटक इंतजार-** कई सैलानियों ने कहा कि वे महीनों से इस सफर का इंतजार कर रहे थे। खासकर बाघों के दीदार को लेकर उत्साह चरम पर रहा। इस सीजन में पर्यटकों को बेहतर अनुभव दिलाने के लिए नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। पार्किंग से लेकर गाइडिंग तक व्यवस्था को और दुरुस्त किया गया है। महिला गाइड्स को भी ट्रेनिंग देकर मैदान में उतारा गया है।

**होटल और रिसॉर्ट्स में लौटी रौनक-** टाइगर रिजर्व के खुलते ही स्थानीय होटल और रिसॉर्ट्स में रौनक लौट आई है। गाइड्स और वाहन चालक सभी को रोजगार के मौके मिल रहे हैं, साथ ही ग्रामीणों की दुकानों और हस्तशिल्प कारोबार को भी सहारा मिलेगा। विदेश से आए सैलानियों ने बांधवगढ़ की खूबसूरती और यहां की जैव विविधता की जमकर तारीफ की। क्षेत्र संचालक डॉ. सहाय ने अपील की कि जंगल की मर्यादा और स्वच्छता बनाए रखने में हर कोई सहयोग करे।

# जिले का अग्रिम जमा अनुपात 1 फीसदी बढ़ा

**डीएलसीसी व डीएलआरसी की तिमाही समीक्षा बैठक आयोजित**

**डिंडौरी, नवभारत 1 अक्टूबर।** जिला स्तरीय परामर्श समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की पहली तिमाही जून 25 की समीक्षा बैठक अपर कलेक्टर जेपी यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक रवि शंकर, जिला विकास अधिकारी देवव्रत पाल, सहायक आयुक्त राजेंद्र कुमार जाटव, राधा कुशरे जिला उद्योग प्रबंधक, एनआरएलएम प्रबंधक अर्पणा पांडे, सभी बैंकों के समन्वयक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वार्षिक साख योजना की समीक्षा की गई। एसीपी में पहली तिमाही तक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में 32 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। जिले का अग्रिम जमा अनुपात भी 50 प्रतिशत से बढ़कर 51 प्रतिशत हो गया। बैठक में नाबार्ड द्वारा संचालित एग्री क्लीनिक-एग्री बिजनेस सेंटर अनुदान युक्त योजना की जानकारी दी गई। साथ ही उद्यम क्रांति योजना, पीएमएफएमई उद्यानिकी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य), भगवान बिरसा मुंडा आर्थिक स्वरोजगार योजना, टाट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर सुधारात्मक सुझाव दिए गए।

**अटल पेंशन योजना में 5,244 पंजीकरण कराएं-** अग्रणी जिला प्रबंधक रविशंकर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 24-25 में अटल पेंशन योजना के तहत लक्ष्य के विरुद्ध 269.11 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। निर्धारित लक्ष्य 3,435 के विरुद्ध जिले ने 5,244 पंजीकरण कराए।





# भावनात्मक जुड़ाव सदैव बना रहेगा : मारव्या

**कलेक्टर को अधिकारियों और कर्मचारियों ने दी बिदाई**

**डिंडौरी, नवभारत 1 अक्टूबर।** विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डिंडौरी की तेज-तर्रार कलेक्टर नेहा मारव्या को उनके कार्यकाल की सफलतम पूर्णता के उपरांत भावपूर्ण बिदाई दी गई। इस अवसर पर जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सेवाकाल की सराहना की।

बिदाई समारोह के दौरान अधिकारियों ने कहा कि कलेक्टर नेहा मारव्या ने जिले के सर्वांगीण विकास, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रशासनिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में जिले में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का सफल संचालन हुआ, जिससे जिले की प्रगति को नई दिशा मिली। अपने संबोधन में कलेक्टर नेहा मारव्या ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग एवं समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डिंडौरी जिले के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव सदैव बना रहेगा और यहां का अनुभव उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन सहित सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# स्वच्छता को जन अभियान का रूप देना होगा : परस्ते

**पंचायत सभाकक्ष में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित**

**डिंडौरी, नवभारत 1 अक्टूबर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से जिले में मनाया जा रहा है, जिसका समापन समारोह बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते ने की, जबकि उपाध्यक्ष अंजू व्योहार विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) संगीता सोनी, परियोजना अधिकारी नरेगा प्रदीप कुमार शुक्ल, एपीओ रामजीवन वर्मा, डीपीएम आरजीएसए ईश्वर साहू, जिला समन्वयक कृष्णकांत दुबे, पेशा समन्वयक मिशलेश कुमार कुलेश सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्वच्छाग्राही एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

अपने उद्बोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते ने कहा कि स्वच्छता किसी एक विभाग या व्यक्ति का कार्य नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों को सक्रिय कर स्वच्छता को जन अभियान का रूप देना होगा।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया सम्मान

समारोह में जिले की कई ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, स्वच्छाग्राही, मोबिलाइजर एवं समाजसेवियों को उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। इनमें सरला डोंगरे, अजय डोंगरे, सोन सिंह परस्ते, जगत लाल यादव, धनेश कुमार धार्वे, रामनाथ उद्दे, सुनील ठाकुर, चित्रभान श्याम, दिगम्बर सोनी, अनुज अग्रवाल सहित अनेक प्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल रहे। इसके अतिरिक्त रोहित कांसकार को भी सम्मानित किया गया।

